फा.सं.3/2/2021-प्रशासन
भारत सरकार
संसदीय कार्य मंत्रालय

92, संविधान सदन
नई दिल्ली-110001
दिनांक:08.01.2024

**कार्यालय ज्ञापन**

विषय: संसदीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति के आधार पर विभिन्न पदों को भरे जाने के संबंध में।

संसदीय कार्य मंत्रालय में प्रतिनियुक्ति के आधार पर निम्नलिखित पदों को भरने के लिए पात्र अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **पद का नाम** | **प्रधान निजी सचिव** |
| | पदों की संख्या | 1 |
| | वेतन स्तर | वेतन मैट्रिक्स का स्तर 11 [पूर्व संशोधित वेतन बैंड 3 (रू.15600-39100)+ग्रेड वेतन रू.6600/-] |
| | प्रतिनियुक्ति की अवधि | आरम्भ में दो (2) वर्षों की अवधि के लिए, जिसे कार्य की आकस्मिकताओं पर निर्भर रहते हुए और बढ़ाया जा सकता है। |
| | ड्यूटी की प्रकृति | सचिवालयिक |
| | पात्रता शर्तें | अनुबंध-I(क) |
| 2. | **पद का नाम** | **सहायक अनुभाग अधिकारी** |
| | पदों की संख्या | 5 |
| | वेतन स्तर | वेतन मैट्रिक्स का स्तर 7 [पूर्व संशोधित वेतन बैंड 2 (रू.9300-34800)+ग्रेड वेतन रू.4600/-] |
| | प्रतिनियुक्ति की अवधि | आरम्भ में दो (2) वर्षों की अवधि के लिए, जिसे कार्य की आकस्मिकताओं पर निर्भर रहते हुए और बढ़ाया जा सकता है। |
| | ड्यूटी की प्रकृति | प्रशासनिक |
| | पात्रता शर्तें | अनुबंध-I(ख) |

इस कार्यालय ज्ञापन के माध्यम से योग्य अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। चयनित अधिकारी का वेतन और सेवा की अन्य शर्तें कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के समय-समय पर यथा संशोधित का.ज्ञा.सं.6/8/2010-स्थापना(वेतन-II) दिनांक 17.06.2010 के अनुसार विनियमित की जाएंगी।

केवल ऐसे अधिकारियों के आवेदन पर विचार किया जाएगा जो उचित माध्यम से भेजे जाएंगे और जिनके साथ आगे लिखित विवरण संलग्न होगा - (i) **अनुबंध-II** में दिए गए निर्धारित प्रपत्र में जीवन-वृत्त; (ii) अधिकारी के ए.सी.आर/ए.पी.ए.आर. डोजियर, कम से कम पिछले पांच वर्षों की ए.सी.आर/ए.पी.ए.आर. सहित अथवा अधिकारी की कम से कम पिछले पांच वर्षों की ए.सी.आर/ए.पी.ए.आर की स्पष्ट फोटोप्रतियां जोकि समूह 'क' के अधिकारी द्वारा विधिवत अनुप्रमाणित हों और उनके साथ इस बात का प्रमाणपत्र हो की विगत वर्षों की ए.सी.आर/ए.पी.ए.आर में कोई 'प्रतिकूल टिप्पणी' नहीं हैं; (iii) संवर्ग संबंधी अनुमति; (iv) सतर्कता और अनुशासनिक दृष्टि से अनुमति; (v) पिछले दस वर्षों के दौरान अधिकारी पर लगाई गई छोटी अथवा बड़ी शास्तियों, यदि कोई हो, को दर्शाने वाला विवरण; (vi) आवेदनकर्ता की आयु आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए; और (vii) यह प्रमाणपत्र कि चयन किए जाने की स्थिति में, अधिकारी को पद का कार्यभार संभालने के लिए कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

3. सभी मंत्रालयों/विभागों/राज्य सरकारों से अनुरोध है कि इच्छुक और योग्य अधिकारियों के निर्धारित प्रपत्र में भरे हुए आवेदन **श्री प्रभात कुमार त्रिपाठी, अवर सचिव (प्रशासन), संसदीय कार्य मंत्रालय, कमरा नं.92, संविधान सदन, नई दिल्ली को इस विज्ञापन के प्रकाशित होने की तारीख से 45 दिन के भीतर** भिजवाने की कृपा करें। ऐसे आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा जिनके साथ उपरोक्त पैरा 2 में उल्लिखित अपेक्षित प्रमाणपत्र/दस्तावेज़ संलग्न नहीं होंगे।

(प्रभात कुमार त्रिपाठी)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष 011-23034746

सेवा में

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग।
2. सभी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के मुख्य सचिव।
3. कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (स्थापना अधिकारी), नई दिल्ली।
4. लेखा महानियंत्रक, लोक नायक भवन, खान मार्किट, नई दिल्ली।
5. भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, बहादुरशाह जफ़र मार्ग, नई दिल्ली।
6. संघ लोक सेवा आयोग, धोलपुर हाउस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली।
7. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एन.आई.सी, संसदीय कार्य मंत्रालय को मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।

**अनुबंध-I(क)**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पद का नाम | प्रधान निजी सचिव |
| 2. | वर्गीकरण | सामान्य केन्द्रीय सेवा, समूह 'क' राजपत्रित |
| 3. | वेतन स्तर | वेतन मैट्रिक्स का स्तर 11 (रू.67,700 - रू.2,08,700) |
| 4. | पात्रता शर्तें | केन्द्रीय या राज्य सरकारों या संघ राज्य क्षत्रों के अधीन अधिकारी:-<br><br>क. (i) जो मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर अनुरूप पद धारक हो;<br>अथवा<br>(ii) मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद वेतन मैट्रिक्स के स्तर 8 (रू.47,600 - रू.1,51,100) अथवा समकक्ष ग्रेड में छः वर्ष की सेवा की हो; और<br><br>ख. (i) आशुलिपि (हिंदी/अंग्रेजी) में सौ शब्द प्रति मिनट की गति हो; और<br>(ii) आशुलिपि का हिंदी/अंग्रेजी में पांच वर्ष का अनुभव हो।<br><br>**टिप्पणी 1**: पोषक वर्ग में विभागीय अधिकारीगण, जो पदोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति हेतु विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार, प्रतिनियुक्ति पर आने वाले अधिकारी पदोन्नति द्वारा नियुक्ति हेतु विचारण के पात्र नहीं होंगे।<br><br>**टिप्पणी 2**: प्रतिनियुक्ति की अवधि केन्द्र सरकार के एक ही अथवा किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले किसी दूसरे संवर्ग बाह्य पद में प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित सामान्यतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।<br><br>**टिप्पणी 3**: प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी। |

**अनुबंध I(ख)**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पद का नाम | सहायक अनुभाग अधिकारी |
| 2. | वर्गीकरण | सामान्य केन्द्रीय सेवा, समूह 'ख' अराजपत्रित |
| 3. | वेतन स्तर | वेतन मैट्रिक्स का स्तर 7 (रू.44,900 - रू.1,42,400) |
| 4. | पात्रता शर्तें | केंद्रीय या राज्य सरकारों या संघ राज्य क्षेत्रों के अधीन अधिकारी:-<br><br>(क) (i) जो मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर अनुरूप पद धारक हो; अथवा<br><br>(ii) मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद वेतन मैट्रिक्स के स्तर 6 (रु.35,400 - रू.1,12,400) अथवा समकक्ष ग्रेड में तीन वर्ष की सेवा की हो; अथवा<br><br>(iii) मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद वेतन मैट्रिक्स के स्तर 5 (रु.29,200-रू.92,300) अथवा समकक्ष ग्रेड में छह वर्ष की सेवा की हो; अथवा<br><br>(iv) मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद वेतन मैट्रिक्स के स्तर 4 (रु.25,500-रू.81,100) अथवा समकक्ष ग्रेड में दस वर्ष की सेवा की हो।<br><br>(ख) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से स्नातक की डिग्री या समकक्ष।<br><br>**टिप्पणी**: पोषक वर्ग में विभागीय अधिकारीगण, जो पदोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति हेतु विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार, प्रतिनियुक्ति पर आने वाले अधिकारी पदोन्नति द्वारा नियुक्ति हेतु विचारण के पात्र नहीं होंगे।<br><br>प्रतिनियुक्ति की अवधि केन्द्र सरकार के एक ही अथवा किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले किसी दूसरे संवर्ग बाह्य पद में प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित सामान्यतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।<br><br>प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी। |

**अनुबंध II**

## जीवनवृत्त का प्रोफार्मा

| नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो |
|---|

| | | |
|---|---|---|
| 1 | नाम और पता<br>(स्पष्ट अक्षरों में) | |
| 2 | जन्मतिथि (ईस्वी सन् में) | |
| 3 | (i) सेवा में प्रवेश की तारीख<br><br>(ii) केंद्र/राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र के नियमों के अंतर्गत सेवानिवृति की तारीख | |
| 4 | शैक्षिक योग्यता | |
| 5 | क्या इस पद के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य योग्यताएं पूरी करते हैं। (यदि कोई योग्यता नियमों में निर्धारित किसी योग्यता के समकक्ष मानी गई है तो उसके प्राधिकार के बारे में बताएं।) | |

| **विज्ञापन/रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित अपेक्षित योग्यता/अनुभव** | **अधिकारी की योग्यता/अनुभव** |
|---|---|
| **अनिवार्य:** | **अनिवार्य:** |
| क) योग्यता | ख) योग्यता |
| ग) अनुभव | घ) अनुभव |
| **वांछनीय:** | **वांछनीय:** |
| क) योग्यता | ख) योग्यता |
| ग) अनुभव | घ) अनुभव |

| | | |
|---|---|---|
| 6 | कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि ऊपर आपके द्वारा की गई प्रविष्टियों को ध्यान में रखते हुए क्या आप इस पद की अपेक्षाओं को पूरा करते हैं। | |

7. कालक्रम में नियोजन का ब्यौरा। यदि नीचे जगह कम है तो एक अलग कागज संलग्न करें जो आपके हस्ताक्षर द्वारा विधिवत अधिप्रमाणित हो।

| कार्यालय/संस्था | नियमित आधार पर धारित पद | तारीख से | तारीख तक | *नियमित आधार पर धारित पद का वेतन बैंड/वेतन मैट्रिक्स/ग्रेड वेतन/वेतन स्तर | आवेदित पद के लिए अपेक्षित अनुभव का उल्लेख करते हुए कार्य की प्रकृति (विस्तार से) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

***महत्वपूर्ण**: एसीपी/एमएसीपी के तहत प्रदत्त वेतन-बैंड, वेतन मैट्रिक्स और ग्रेड वेतन/स्तर अधिकारी के लिए व्यक्तिगत हैं, इसलिए, उसका उल्लेख नहीं किया जाना चाहिए। केवल नियमित आधार पर धारित पद के वेतन बैंड/ वेतन मैट्रिक्स और ग्रेड वेतन/स्तर/ वेतनमान का उल्लेख किया जाए।

वर्तमान वेतन बैंड/वेतन मैट्रिक्स और ग्रेड वेतन/स्तर के साथ एसीपी/एमएसीपी का विवरण जहां उम्मीदवार द्वारा इस तरह के लाभ लिए गए हैं, निम्नलिखित अनुसार इंगित किए जाएं:

| कार्यालय/संस्था | एसीपी/एमएसीपी योजना के तहत आहरित मूल वेतन, वेतन बैंड/वेतन मैट्रिक्स और ग्रेड वेतन/स्तर | तारीख से | तारीख तक |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 8 | वर्तमान नियोजन की प्रकृति अर्थात तदर्थ या अस्थायी या अर्ध-स्थायी या स्थायी | |
| 9 | यदि वर्तमान नियोजन प्रतिनियुक्ति/संविदा के आधार पर है, तो कृपया बताएं : | |

| क) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख | ख) प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति की अवधि | ग) वर्तमान कार्यालय/संगठन का नाम जिससे आवेदक संबंधित है | घ) मूल संगठन में मूल क्षमता में धारित पद का नाम और वेतन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | |
|---|---|
| 9.1 टिप्पणी: यदि अधिकारी पहले से ही प्रतिनियुक्ति पर है, तो ऐसे अधिकारियों के आवेदनों को मूल संवर्ग/विभाग द्वारा संवर्ग अनापत्ति, सतर्कता अनापत्ति और सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र के साथ अग्रेषित किया जाना चाहिए।<br><br>9.2 टिप्पणी: उपरोक्त कॉलम 9(ग) और (घ) के तहत उन सभी मामलों में जानकारी दी जानी चाहिए जहां कोई व्यक्ति संवर्ग/संगठन के बाहर प्रतिनियुक्ति पर है लेकिन फिर भी अपने मूल संवर्ग/संगठन में पुनर्ग्रहणाधिकार बनाए हुए है। | |

| | | |
|---|---|---|
| 10 | यदि आवेदक पहले किसी पद पर प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत था, तो अंतिम प्रतिनियुक्ति से वापसी की तारीख और अन्य विवरण:: | |
| 11 | वर्तमान नियोजन के बारे में अतिरिक्त विवरण:<br><br>कृपया बताएं कि किसके अधीन कार्यरत हैं (संबंधित कॉलम के सामने अपने नियोक्ता का नाम बताएं)<br>क) केंद्र सरकार<br>ख) राज्य सरकार<br>ग) स्वायत्त संगठन<br>घ) सरकारी उपक्रम<br>ङ) विश्वविद्यालय<br>च) अन्य | |
| 12 | कृपया बताएं कि क्या आप एक ही विभाग में कार्यरत हैं और पोषक ग्रेड में हैं या पोषक ग्रेड के पोषक हैं। | |
| 13 | क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हां, तो वह तारीख बताएं जब से संशोधन हुआ और अपना संशोधन पूर्व वेतनमान भी बताएं। | |
| 14 | कुल परिलब्धियाँ जिनका अब प्रतिमास आहरण करते हैं। | |

| वेतन बैंड/वेतन मैट्रिक्स में मूल वेतन | ग्रेड वेतन/स्तर | कुल परिलब्धियां |
|---|---|---|
| | | |

| | |
|---|---|
| 15 | यदि आवेदक किसी ऐसे संगठन से संबंधित है, जो केंद्र सरकार के वेतनमान का अनुपालन नहीं कर रहा है, तो निम्नलिखित विवरण दर्शाने वाली संगठन द्वारा जारी नवीनतम वेतन पर्ची संलग्न करें : |

| वेतनमान और वेतन वृद्धि दर के साथ मूल वेतन | महंगाई वेतन/अंतरिम राहत/अन्य भत्ते आदि (ब्रेक-अप विवरण के साथ) | कुल परिलब्धियां |
|---|---|---|
| | | |

| | | |
|---|---|---|
| 16 | **क) अतिरिक्त सूचना**, यदि कोई हो, जिसका आप इस पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में उल्लेख करना चाहें।<br>(इसमें अन्य बातों के अलावा (i) अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता (ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण और (iii) रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में निर्धारित कार्य अनुभव से अधिक के संबंध में जानकारी प्रदान कर सकते हैं।)<br>(**टिपप्णी: यदि जगह अपर्याप्त है तो अलग कागज़ संलग्न करें**)<br><br>**ख) उपलब्धियां:**<br>आवेदकों से अनुरोध है कि वे निम्न के संबंध में जानकारी दें:<br>i) अनुसंधान प्रकाशन और रिपोर्ट तथा विशेष परियोजनाएँ।<br>ii) पुरस्कार/छात्रवृत्ति/आधिकारिक प्रशंसा।<br>iii) पेशेवरनिकाय/संस्था/समाज के साथ सहबद्धता और;<br>iv) अपने नाम से पंजीकृत या संगठन के लिए उपार्जित पेटेंट।<br>v) आधिकारिक रूप से मान्यताप्राप्त कोई अनुसंधान/नवाचार।<br>vi) कोई अन्य जानकारी।<br>(**टिपप्णी: यदि जगह अपर्याप्त है तो अलग कागज़ संलग्न करें**) | |

| | | |
|---|---|---|
| 17 | कृपया बताएं कि क्या आप प्रतिनियुक्ति (एसटीसी सहित)/ अवशोषण (यानी स्थानांतरण पर अवशोषण)/पुनः रोजगार# के आधार पर आवेदन कर रहे हैं। (केवल केंद्र/राज्य सरकार के संगठनों के अधिकारी "अवशोषण" के लिए पात्र हैं। गैर-सरकारी संगठनों के उम्मीदवार केवल अल्पकालिक संविदा के लिए पात्र हैं।)<br><br>#('एसटीसी/'अवशोषण'/'पुनः रोजगार' का विकल्प केवल तभी उपलब्ध है, जब रिक्ति परिपत्र में विशेष रूप से "एसटीसी" या "अवशोषण" या "पुनः रोजगार" द्वारा भर्ती का उल्लेख किया गया हो) | |
| 18 | क्या अ.जा./अ.ज.जा. से संबंधित है | |

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन का सावधानीपूर्वक अध्ययन किया है और मुझे यह अच्छी तरह ज्ञात है कि मेरे द्वारा प्रस्तुत आवश्यक योग्यता/कार्य अनुभव के संबंध में दस्तावेजों द्वारा समर्थित जीवनवृत्त में दी गई जानकारी का पद हेतु चयन के समय चयन समिति द्वारा भी मूल्यांकन किया जाएगा। मेरे द्वारा प्रदान की गई जानकारी/विवरण मेरे सर्वोत्तम ज्ञान के अनुसार सत्य एवं सही है और मेरे चयन पर असर डालने वाले किसी भी तथ्य को छिपाया/दबाया नहीं गया है।

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)
पता:....................
संपर्क नंबर....................
ईमेल आईडी: ....................
कार्यालय संपर्क नं. ....................
कार्यालय ईमेल आईडी....................

तारीख:......................

**अनुबंध-IIक**

**नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारी द्वारा प्रमाणीकरण**

उपरोक्त आवेदन में प्रदान की गई जानकारी/विवरण रिकॉर्ड में उपलब्ध तथ्यों के अनुसार सत्य और सही है। आवेदक के पास रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित शैक्षिक योग्यता और अनुभव मौजूद है। यदि चयन किया जाता है, तो उन्हें तुरंत कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

2. **यह भी प्रमाणित किया जाता है कि**:

i) श्री/श्रीमती ---------------------के खिलाफ कोई सतर्कता या अनुशासनिक कार्रवाई लंबित/विचाराधीन नहीं है।

ii) उनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित की जाती है।

iii) उनके सीआर डोजियर मूल रूप में संलग्न हैं/भारत सरकार के अवर सचिव या उससे ऊपर के स्तर के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित पिछले 5 वर्षों की ए.सी.आर की फोटोप्रतियां संलग्न हैं। (जैसी भी स्थिति हो)

iv) पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर कोई बड़ी /छोटी शास्ति नहीं लगाई गई है या पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर लगाई गई बड़ी /छोटी शास्तियों की सूची संलग्न है (जैसी भी स्थिति हो)

प्रतिहस्ताक्षर

(नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी, मोहर सहित)